आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484

# जननायक सम्राट

बर्ष :12 अंक :261 पृष्ठ –4 दिनांक मंगलवार 17 सितम्बर 2024



# सीएम योगी ने दी पीएम मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं, कहा- हर क्षण हमारे लिए प्रेरणा

**पीएम मोदी आज अपना 74वां जन्मदिन मना रहे हैं. इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी है.**

## पीएम मोदी का आज 74वां जन्मदिन, मायावती और अखिलेश यादव ने दी जन्मदिन की बधाई



समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव और बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने भी पीएम मोदी को जन्मदिन की बधाई दी है. बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने प्रधानमंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी और उनकी लंबी आयु की कामना की. बसपा सुप्रीमो ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट लिखकर कहा– श्प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को आज उनके जन्मदिन की हार्दिक बधाई व उनके दीर्घायु जीवन की शुभकामनायें.।

**नीतीश कुमार ने भी दी बधाई**



**बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी पीएम मोदी को बधाई दी।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना है।त्रिपुरा और ओडिशा के सीएम ने दी बधाई इस बीच त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, दूरदर्शी नेता और मां भारती के सपूत प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। एक मजबूत, समृद्ध भारत के लिए आपकादृष्टिकोण हर दिल में गूंजता है। आपका गतिशील नेतृत्व और अटूट समर्पण भारत को बदलता रहे और पीढ़ियों को प्रेरित करतरहे!ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भी प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की बधाई दी।**



17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश के अलग–अलग शहरों में स्वच्छता अभियान और रक्तदान शिविर शुभारंभ सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं. इसी क्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ वाराणसी के दो दिवसीय दौरे पर हैं. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचकर विधि विधान से पूजा की गई. उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के दीर्घायु जीवन के लिए बाबा विश्वनाथ से प्रार्थना की. इसके बाद वह सीधा वाराणसी के गदौलिया चौराहा पहुंचेंगे. जहां स्वच्छता वालंटियर को अलग–अलग वार्ड के सफाई हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा इसके अलावा दशास्वमेध घाट से चित. रंजन पार्क तक सफाई अभियान का शुभारंभ भी होगा.खरगे और कई अन्य विपक्षी नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी को शुभकामनाएं दीं और उनकी दीर्घायु की कामना की। खरगे ने 'एक्स' पर लिखा, प्रधानमंत्री मोदी को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं। उनके अच्छे स्वास्थ्यसमाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बधाई दी। उन्हा. ेंने पोस्ट किया, प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।





वहीं,आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा, माननीय प्रधानमंत्री को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। आपके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं।


**दुनिया भर में शांति, करुणा व संवे. दना की प्रेरणा**



अमित शाह ने लिखा, अपने अथक परिश्रम, साधना व दूरदर्शिता से देशवासियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाले और भारत का गौरव बढ़ाकर विश्व में नई प्रतिष्ठा दिलाने वाले जनप्रिय प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। ईश्वर से आपके स्वस्थ व सुदीर्घ जीवन की कामना करता हूं। आपने 'नए भारत' के विजन के साथ विरासत से लेकर विज्ञान तक को जोड़ा है। उन्होंने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति व जनकल्याण के संकल्प से अनेक असंभव से लगने वाले कार्यों को संभव बनाकर गरीब कल्याण के नए कीर्तिमान रचे हैं। प्रधानमंत्री के रूप में देश को एक ऐसे निर्णायक नेता मिले हैं, जिन्होंने देश की सुरक्षा से लेकर वंचितों के जीवन में बदलाव लाकर उन्हें मुख्यधारा में लाने के काम किए। देशवासियों का आत्मगौरव बढ़ाने के साथ–साथ उनके नेतृत्व में भारत के प्रति वैश्विक दृष्टिकोण भी बदला है। समुद्र की गहराई से लेकर अंतरिक्ष की ऊंचाई तक देश का मान बढ़ाने वाले मोदी जी दुनिया भर में शांति, करुणा व संवेदना की प्रेरणा हैं।

पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए बेहद अहम माना जा रहा है.।

## माहौल खराब करने की कोशिश, आगरा में लगाया कथित तौर पर पाकिस्तानी झंडा, पंडाल में लगाए नारे



आगरा में एक घर की छत पर पाकिस्तान का झंडा दिखा

उत्तर प्रदेश में जुलूस ए मोहम्मदी के दौरान कई जगहों पर माहौल खराब करने की कोशिश की गई. जहां आगरा में एक घर की छत पर कथित तौर पर पाकिस्तान का झंडा फहराया गया तो वहीं बहराइच में भी इसी तरह की घटना देखने को मिली. यहां एक गणेश पूजा पंडाल के सामने कथित तौर पर फिलीस्तीन का झंडा लहराया गया और जिंदाबाद के नारे लगाए गए. जिससे दोनों इलाकों में तनाव देखने को मिल रहा है. इन घटनाओं के सामने आने के बाद हड़कंप मच गया है. पहली घटना आगरा में हुई, जहां एक जूता व्यापारी के दो मंजिला घर की छत पर कथित तौर पर पाकिस्तान का झंडा लगाया गया. आसपास के लोगों ने जब ये झंडा घर पर लहराता देखा तो इसकी वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया. कुछ ला. गों ने इसकी शिकायत पुलिस से कर दी. सूचना मिलते ही पुलिस जब मौके पर पहुंची तो घर पर झंडा नहीं मिला. आगरा में घर की छत पर पाकिस्तान का झंडा इस मामले में बजरंग दल के कार्यकर्ता बंटी ठाकुर की शिकायत पर पुलिस ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का मामला दर्ज कर लिया है. बताया जा रहा है कि घटना के वक्त घर के मालिक घर में नहीं थे, वो किसी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए थे. ऐसे में उनके घर पर ये झंडा किसने लगाया और इसके पीछे क्या वजह हो सकती है इसे लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. पुलिस के मुताबिक ये घर अदनान नाम के शख़्स का बताया जा रहा है. ये घर काफी बड़ा है. इसमें नीचे जूता फैक्ट्री चलती है. अदनान का एक होटल भी है. लेकिन उनके घर पर कथित तौर पर पाकिस्तान का झंडा किसने और क्यों लगाया इसे लेकर पुलिस प्रशासन के कान खड़े हो गए हैं. इसके पीछे किसी तरह की साजिश से भी इनकार नहीं किया जा सकता है. बहराइच में फिलिस्तीन का झंडा लहराया

दूसरी घटना बहराइच में देखने को मिली. जहां बलरामपुर में लगाए गए गणेश पंडाल में कथित तौर पर फिलिस. तीन का झंडा फहराया गया और गणेश पंडाल में फिलिस्तीन जिंदाबाद के नारे लगाए गए. जिसके बाद इलाके में तनाव है. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस सतर्क है. इन घटनाओं के बाद सवाल उठ रहे हैं कि क्या प्रदेश में कुछ अराजक तत्व माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं.

## संगम नगरी में ढोल नगाड़ों और फूलों की बारिश, ऐसे हुआ भगवा रंग वाली देश की पहली वंदे भारत का स्वागत



बीस कोच और भगवा रंग वाली देश की पहली वंदे भारत ट्रेन के सोमवार को संगम नगरी प्रयागराज में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया. ट्रेन और इसके पहले सफर में शामिल मुसाफिरों के स्वागत में प्रयागराज जंक्शन पर ढोल नगाड़े बजाए गए. फूलों की बारिश की गई. गीत गाए गए और सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए. शंखनाद और मंगल ध्वनि की गई. मुसाफिरों को फूलों की माला पहनाई गई और साथ ही वैदिक मंत्रोच्चार के बीच इस ट्रेन का सफर हमेशा सुरक्षित रहने और कामयाब होने की कामना भी की गई. इस वंदे भारत ट्रेन और इसमें सवार मुसाफिरों के स्वागत के लिए योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, सांसद प्रवीण पटेल, प्रयागराज के मेयर गणेश केसरवानी और कई विधायक रेलवे स्टेशन पर मौजूद थे. प्रयागराज जंक्शन पर हुए जोरदार स्वागत से इस वंदे भारत में सवार यात्री खासे गदगद नजर आए. उन्होंने ट्रेन के नए लुक और कोचेज की संख्या बढ़ाए जाने परप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार का शुक्रिया अदा किया.

पीएम मोदी ने किया रवानागौरतलब है कि भगवा रंग और बीस कोचों वाली देश की पहली वंदे भारत ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल तरीके से हरीझंडी दिखाकर अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से रवाना किया. वंदे भारत बाबाविश्वनाथ की नगरी वाराणसी से देश की राजधानी दिल्ली तक चलेगी. हालांकि यह ट्रेन देश की पहली वंदे भारत है और पिछले करीब साढ़े पांच सालों से चल रही है, लेकिन अभी तक यह वंदे भारत 16 कोच की थी, जिसे अब बढ़ाकर बीस कोच की कर दिया गया है. इसके साथ ही इसका रंग भी बदल दिया गया है. पहले यह ट्रेन दूसरे वंदे भारत की यह रह सफेद और नीले रंग में थी, लेकिन अब यह भगवा रंग में हो गई है. 20 कोच की पहली वंदे भारत होने के साथ ही यह ट्रेन देश की पहली भगवा वंदे भारत भी हो गई है. कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने इस ट्रेन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है.

## सीएम धामी का निर्देश, 48 घंटे में खोलने जाएंगी बंद सड़कें, अभी 250 से ज्यादा रास्ते हैं बंद



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को 48 घंटे के भीतर सभी सड़कों को यातायात के लिए सुचारू करने के सख्त निर्देश

उत्तराखंड में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण अवरुद्ध सड़कों को खोलने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को 48 घंटे के भीतर सभी सड़कों को यातायात के लिए सुचारु करने के सख्त निर्देश दिए हैं. उन्होंने लापरवाही बरतने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी है. इस दिशा में तेजी से काम शुरू हो गया है. मुख्यमंत्री के आदेशों के बाद, आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने सोमवार शाम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों और लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं के साथ बंद सड़कों की समीक्षा की. बैठक में सुमन ने दावा किया कि अगले दो दिनों में 95 प्रतिशत सड़कों को खोल दिया जाएगा उन्होंनेयह भी बताया कि दो दिन में न खुलने वाली सड़कों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और मुख्यमंत्री को उनकी रिपोर्ट सौंपी जाएगी.250 से ज्यादा सड़कें बंदआपदा प्रबंधन विभाग (यूएसडीएमए) की रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार शाम तक राज्य की 250 से ज्यादा सड़कें बंद थीं. इनमें से कई प्रमुख मार्ग हैं जो यातायात के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं.राज्य के कंट्रोल रूम से विनोद कुमार सुमन ने इन सड़कों का अद्यतन जानकारी ली और अधिकारियों से कार्य की प्रगति पर भी चर्चा की.

## सीएम ने रक्तदान शिविर का किया शुभारंभ, वितरित किये फल

सीएम योगी वाराणसी दौरे के दौरान शिव प्रसाद गुप्त मंडलीय अस्पताल पहुंचे। यहां रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया और मरीजों का हालचाल जाना। सीएम ने मरीजों को फल भी वितरित किया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो दिवसीय वाराणसी दौरे के दूसरे दिन प्रधानमंत्री के जन्मदिन मनाते नजर आए। सीएम इस दौरान कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने शिव प्रसाद गुप्त मंडलीय अस्पताल में रक्तदान शि. विर का शुभारंभ किया। मरीजों को फल वितरित कर उनका हाल जाना।योगी आदित्यनाथ ने काल भैरव मंदिर और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन–हवन पूजन करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु व स्वस्थ रहने की कामना भी की।भारतीय जनता युवा मोर्चा की तरफ से श्स्वच्छता ही सेवाश पखवाड़ा के अंतर्गत स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था।सीएम ने रक्तदान करने वालों का उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रमों में शिरकत कर सीएम वाराणसी से रवाना हो रहे थे इसी बीच एयरपोर्ट जाते समय हरहुआ स्थित शंकर नेत्रालय का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने यहां के कार्यों, व्यवस्था आदि की जानकारी ली।



महिला वार्ड में मरीजो को फल वितरित कर हालचाल जानते सीएम

## यूपी में सपा से इन ने. ताओं को बाहर का रास्ता दिखाएंगे अखिलेश यादव? जल्द हो सकता है बड़ा फैसला

उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने अपनी कमर कस ली है.लोकसभा चुनाव 2024 में 37 सीटें जीतने वाली समाजवादी पार्टी ने 2027 में विधानसभा चुनाव के लिए नई रणनीतियों पर काम करना शुरू कर दिया है. अब समाजवादी पार्टी जिलेवार सक्रिय और निष्क्रिय पदाधिकारियो की सूची तैयार कर रही है, जिसमें निष्क्रिय पदाधिकारियों की सपा छुट्टी करने वाली है.समाजवादी पार्टी की जिला और महानगर इकाइयां को मासिक बैठक को गंभीरता से लेने के निर्देश प्रदेश मुख्यालय की तरफ से दिए गए हैं.समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने सभी जिला अध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष को पत्र भेज कर जिला और महानगर संगठन से हर महीने की 15 तारीख तक 6 बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी है.मासिक रिपोर्ट में आयोजन की तिथि ,उसमें शामिल होने वाले सांसद ,विधायक ,पूर्व सांसद, पूर्व विधायक और जिला पंचायत अध्यक्षों के नाम, विधानसभा क्षेत्रों और सभी प्रकोष्ठों की मासिक बैठक का पूरा विवरण भेजना होगा.

# दिल्ली में बारिश के साथ हवाओं ने किसानों को किया बेहाल, फसलें हुई बर्बाद

## दिल्ली में पिछले तीन दिनों में हुई भारी बारिश और तेज हवाओं ने किसानों को नुकसान





राजधानी दिल्ली में तेज हवा के साथ हो रही बारिश से भले ही दिल्ली का मौसम सुहाना हो गया है और इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से भी राहत मिल रही है, लेकिन यही बारिश और तेज हवाएं दिल्ली देहात के किसानों के माथे पर पसीना ला रही है.उत्तरी–बाहरी दिल्ली के गांव के खेतों में लगी फसलों को इस बारिश और हवाओं से काफी नुकसान पहुंचा है और ये फसलें खराब होने के कगार पर पहुंच गई हैं. पालक , मूली , सरसो समेत विभिन्न प्रकार की हरी सब्जियों की फसलें मौसमी मार से प्रभावित हुई हैं, वहीं खेतों में खड़ी धान की फसल भी जमीन पर बिछ हो गयी है.जानकारी देते हुए महिला किसान ने कहा कि एक ओर बारिश से उन्हें बहुत राहत तो मिली, लेकिन वहीं दूसरी तरफ बीते तीन दिन से लगातार हो हुई बारिश के साथ हवाओं ने फसलों को काफी नुकसान पहुंचाया है.किसानों ने कहा कि अगर यह आगे भी जारी रहा तो खेतो में लगी धान की फसलें अभी आधी से कम स्तर पर गिरी हैं और आगे भी इसी तरह मौसम रहा तो सारी फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो जाएंगीएक अन्य किसान ने कहा कि 100 एकड़ से ज्यादा खेतों में लगी सब्जियों में तोरी, घीया, भिंडी, पालक को नुकसान हुआ है. बड़े पैमाने पर लगी धान की खड़ी फसल, आधी से ज्यादा गिर चुकी है और वो खराब हो चुकी है. अगर आगे भी मौसम नहीं खुला तो नुकसान और भी बढ़ने की संभावना है. मौसम विभाग की मानें राजधानी दिल्ली और छब्ब में मानसून चरम पर है. दिल्ली बुराड़ी के किसान राज कुमार ने कहा कि लगातार हो रही बरसात से खेतों में लगी धान की फसल तिरछी होने के साथ–साथ काली पड़ती हुई नजर आ रही है. जिससे आने वाले समय में किसानों को धान की फसलों का सही भाव नहीं मिल पाएगा, जिसका डर किसानों के चेहरे पर साफ नजर आ रहा है. आगे उन्होंने कहा कि इस मौसम में हरी सब्जियों की फसल भी लगातार प्रभावित हो रही हैं. मौसम की मार का सबसे ज्यादा असर पालक की फसल पर पड़ रहा है. बरसात से पहले पालक की फसल की कीमत उच्चतम स्तर पर थी, लेकिन अब इसमें काफी गिरावट आ चुकी है, जिससे किसान बहुत ही ज्यादा मायूस नजर आ रहे हैं. खेतो में लगी भिंडी भी खराब हो गयी, क्योंकि बारिश के कारण ज्यादातर भिंडी में कीड़े लग गये, जो खाने लायक नही हैं, जिसे अब मवेशियों को भी नहीं दिया जा सकता है.किसान अपनी बर्बाद फसल की

नुकसान पर अब दिल्ली सरकार की ओर आंखे बिछाए बैठा है कि कोई अधिकारी आए और इनके खेतो को सर्वेक्षण करे और सरकार से कुछ मुआवजा मिल सके. यदि मौसम में जल्द परिवर्तन नहीं हुआ तो यह मौसम दिल्लीवासियों खास तौर पर किसानों के लिए भारी आफत भी बन सकता है.

## प्रयागराजर में सड़कों तक पहुंचा गंगा का पानी, रोड पर ही आस्था की डुबकी लगाने को मजबूर लोग



संगम नगरी प्रयागराज में गंगा और यमुना नदियों का जलस्तर अब घटने लगा है, लेकिन इसके बावजूद दोनों नदियां अब भी उफान पर हैं. नदियों का पानी सड़कों और रिहाइशी बस्तियों की गलियों में बह रहा है. नदियों में आई बाढ़ से सबसे ज्यादा दिक्कतों का सामना संगम आने वाले श्रद्धालुओं को करना पड़ रहा है. नदियों के सड़कों पर बहने से तमाम श्रद्धालुओं को रोड पर ही आस्था की डुबकी लगानी पड़ रही है. देश के कोने–कोने से आने वाले श्रद्धालुओं को सड़क पर ही पूजा अर्चना करनी पड़ रही है और वही डुबकी भी लगानी पड़ रही है.सड़कों तक पानी भरा होने से तमाम श्रद्धालु सिर्फ आचमन कर रहे हैं. कई ऐसे भी लोग हैं जो सिर्फ दूर से ही दर्शन कर बिना डुबकी लगाए ही वापस चले जा रहे हैं. प्रयागराज के दारागंज इलाके का शमशान घाट भी बाढ़ के पानी में समाया हुआ है. इस वजह से यहां सड़कों के किनारे अंतिम संस्कार किया जा रहा है. आज से पितृपक्ष की शुरुआत हो गई है, लिहाजा संगम आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या भी बढ़ गई है. मठों–मंदिरों में घुसा गंगा का पानीबाढ़ की वजह से संगम आने वाले श्रद्धालुओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. बाढ़ के चलते उनकी आस्था प्रभावित हो रही है. प्रयागराज में नदियों के किनारे स्थित तमाम मठ मंदिरों और आश्रमों में भी बाढ़ का पानी घुसा हुआ है. लेटे हुए हनुमान जी के मंदिर के कपाट पिछले पांच दिनों से बंद है. हालांकि बाढ़ से जूझ रहे प्रयागराज के लोगों के लिए आज राहत भरी खबर सामने आई है. प्रयागराज में आज गंगा और यमुना का जलस्तर घटना शुरू हो गया है. बीते 12 घंटे में गंगा नदी का जलस्तर नौ सेमी कम हुआ है, वही यमुना नदी के जलस्तर में 12 सेंटीमीटर की कमी हुई है. हालांकि नदियों का जलस्तर घटने की रफ्तार अभी धीमी है. दोनों नदियां एक सेंटीमीटर प्रति घंटे से भी कम की रफ्तार से घट रही है. नदियों का जलस्तर आज शाम से तेजी से घट सकता है. हालांकि जलस्तर घटने के बावजूद कई रिहाइशी बस्तियों में अब भी बाढ़ का पानी भरा हुआ है. यहां के बाढ़ राहत केंद्रों में अब भी तकरीबन दो हजार लोग शरण लिए हुए हैं. आसपास के जिलों में हो रही बारिश का असर भी नदियों के जलस्तर पर पड़ सकता

## सौतेली मां की प्रताड़ना से परेशान युवती ने उठाया खतरनाक कदम, दोमंजिले मकान से लगाई छलांग

बखरा गांव निवासी अनीस कुरैशी उर्फ नाटे की 19 वर्षीय पुत्री अरीबा ने मंगलवार की सुबह घर की छत से छलांग लगा दी।सरायमीर थाना क्षेत्र के बखरा गांव में मंगलवार की सुबह उस समय हंगामा मच गया, जब गांव निवासी एक युवती ने दो मंजिला मकान से नीचे छलांग लगा दी। घायलावस्था में उसे उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मार्टीनगंज ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने बताया कि उसके हाथ पैर और कमर की हड्डी टूट गई है।बखरा गांव निवासी अनीस कुरैशी उर्फ नाटे की 19 वर्षीय पुत्री अरीबा ने मंगलवार की सुबह घर की छत से छलांग लगा दी। बताते चलें कि अरीबा की मां का करीब 19 वर्ष पूर्व निधन हो गया था। उसके निधन के दो वर्ष बाद दोबारा अरीबा के पिता अनीस कुरैशी ने दूसरी शादी कर ली। शादी के बाद अनीस कुरैशी को दूसरी पत्नी से एक आठ वर्ष का पुत्र अब्दुल रहमान है। वहीं पहली पत्नी से उसे अरीबा और तीन बहन और एक भाई हैं। शादी के बाद अरीबा कीसौतेली मां उसके ऊपर अत्याचार करने लगी। उसके द्वारा आए दिन अरीबा के साथ मारपीट की जाती थी। जिससे तंग आकर अरीबा ने मंगलवार की सुबह दो मंजिला घर की छत से नीचे छलांग लगा दी। इसकी जानकारी होते ही मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण जुट गए। आनन–फाननअरीबा को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मार्टीनगंज ले गए। जहां चिकित्सकों ने बताया कि उसकी हालत खतरे से बाहर है लेकिन उसके हाथ पैर और कमर की हड्डी टूट गई है। चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है।

## शिवराज सिंह चौहान के बेटे कार्तिकेय बनने वाले हैं दूल्हा, केंद्रीय मंत्री ने खुद बताया किससे हो रही सगाई?



**शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि 17 अक्टूबर को कार्तिकेय और अमानत की सगाई की रस्म होगी**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बड़े बेटे कार्तिकेय की बिजनेसमैन की बेटी अमानत बंसल संग सगाई तय हो गई है. इसकी जानकारी उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर दी है. शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि एक पिता के तौर पर उनके लिए यह खुशी का मौका है. शिवराज सिंह चौहान ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ष्एक पिता के रूप में आज मेरे लिए बहुत खुशी का अवसर है. मैं, मेरी धर्मपत्नी साधना और पूरे परिवार को आप सभी से यह शुभ समाचार साझा करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि मेरे बड़े बेटे का. र्तिकेय की सगाई अनुपम बंसल और रुचिता बंसल की सुपुत्री अमानत बंसल से तय हुई है.केंद्रीय मंत्री ने कहा,17 अक्टूबर को कार्तिकेय और अमानत की सगाई की रस्म होगी. बच्चों को भावी जीवन के लिए आप सभी शुभकामनाएं और आशीर्वाद देकर दोनों परिवारों को अनुगृहीत करें. बता दें शिवराज सिंह चौहान की होने वाली बहू अमानत बसंल देश के जाने–माने बिजनेसमैन की बेटी हैं. उन्होंने विदेश से पढ़ाई की है. ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से पढ़ीं हैं अमानत के पिता अनुपम बसंल लिबर्टी शूज के एग्जीक्यूटिक डायरेक्टर हैं. वहीं मां रुचिता बसंल कन्फेडरेशन ऑफ वूमेन एंटरप्रेन्योर्स ऑफ इंडिया के हरियाणा चौप्टर की फाउंडर हैं. अमानत ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से साइकोलॉजिकल रिसर्च में एमएससी की है. जानकारी के अनुसार, शिवराज सिंह चौहान के छोटे बेटे कुणाल की सगाई भोपाल के मशहूर डॉक्टर इंद्रमल जैन के बेटे संदीप जैन की बेटी से हुई है

## भोपाल में बड़े घाटों के साथ 22 स्थानों पर गणेश प्रतिमा विसर्जन, निगम ने बनाए अस्थायी कुंड



अनंत चतुर्दशी का पर्व मनाया जा रहा है. आज गणपति बप्पा को विदाई दी जा रही है. भोपाल नगर निगम प्रशासन ने प्रतिमा विसर्जन के लिए बड़े घाटों के अलावा शहर में 22 स्थानों पर विसर्जन की व्यवस्था की है. प्रेम और रानी कमलापति घाट पर हाइड्रा मशीन हैबड़ी मूर्तियों को क्रेन–हाइड्रा मशीन और छोटी मूर्तियों को कुंड में विसर्जित किया जाएगा.इन घाटों पर सुरक्षा के लिहाज से पुलिसकर्मी और गोताखोर तैनात रहेंगे.

गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए निगर निगम प्रशासन ने बैरागढ़ फायर स्टेशन, दो नंबर जोन कार्यालय के पास, टीला जमालपुरा शॉपिंग सेंटर, नादरा बस स्टैंड चौराहा, काली मंदिर विसर्जन कुंड, शाहपुरा विसर्जन कुंड, यातायात पार्क, श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर के पीछे, हबीबिया स्कूल, 10 नंबर जोन कार्याल, प्रभात चौराहा, जोन कार्यालय सुभाष नगर, बेरछा मावा भंडार बावडियाकलां, आशिमा माल के पास, अवधपुरी, आनंद नगर चौराहा, मिनाल रेसीडेंसी, डी–मार्ट करोंद चौराहा, सर्वधर्म कोलार, जोन 19 में डी मार्ट के सामने, लालघाटी चौराहा और 21 नंबर जोन कार्यालय पर विसर्जन कुंड की व्यस्था की है.री किए मोबाइल नंबरनगर निगम ने घाटों पर नगर निगम कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के साथ ही उनके मोबाइल नंबर पर भी जारी किए है. प्रेमपुरा घाट पर विसर्जन प्रभारी का मोबाईल नंबर 8719952509 है, इसी तरह रानी कमलापति के लिए 9893808000, सीहोर नाका 7999690382, अनंतपुरा 9009249252, शाहपुरा 9425705121, ईटखेड़ी 9425454387, खटलापुरा 9425442444, बसई तालाब 7999690382, मालाखेड़ी 9669749465 और हथाईखेड़ा डैम प्रभारी का मोबाईल नंबर 9425361010 है.22 ट्रकों की व्यवस्था प्रतिमाएं पहुंचाने के लिए ननि ने 22 ट्रकों की व्यवस्था की है. सभी अस्थाई विसर्जन कुंड स्थल पर 1–1 ट्रक खड़ा रहेगा. यहां आने वाली प्रतिमाओं को निगम का अमला ट्रकों के माध्यम से बड़े घाटों पर ले जाकर प्रतिमाओं का विसर्जन करेगा. हिन्दू उत्सव समिति के प्रवक्ता संतोष साहू के अनुसार शाम को सेंट्रल लाइब्रेरी के पास से सामूहिक विसर्जन जुलूस शुरू होगा, जो इतवारा, मंगलवारा, हनुमानगंज, जनकपुरी, सिंधी मार्केट, सोमवारा होते हुए कमलापति घाट पहुंचेग

## सुप्रीम कोर्ट ने एक अक्तूबर तक बुलडोजर कार्रवाई पर लगाई रोक, अखिलेश ने फैसले का किया स्वागत

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक बड़ा आदेश पारित करते हुए पूरे देश में एक अक्तूबर तक बुलडोजर कार्रवाई पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा कि सार्वजनिक अतिक्रमण होने की हालत में ही बुलडोजर का इस्तेमाल किया जा सकता है।सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बड़ा आदेश दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने पूरे देश में एक अक्तूबर तक बुलडोजर कार्रवाई पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि कोर्ट ने राज्यों को निर्देश दिया है कि अगली सुनवाई की तारीख 1 अक्तूबर तक न्यायालय की अनुमति के बिना भारत में कहीं भी संपत्ति को ध्वस्त नहीं कियाजाएगा। हालांकि, कोर्ट ने यह साफ किया है कि यह आदेश सार्वजनिक सड़कों, फुटपाथों आदि पर किसी भी अनधिकृत निर्माण पर लागू नहीं होगा।उच्चतम न्यायालय ने कहा कि अगर अवैध रूप से तोड़फोड़ का एक भी मामला है, तो यह हमारे संविधान की मूल भावना के विरुद्ध है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला स्वागत योग्य है।बता दें कि बीते कुछ समय में प्रदेश सरकारों ने बुलडोजर को न्याय का प्रतीक बताते हुए अपराधियों को सजा देने के लिए इस्तेमाल करना शुरू कर दिया था। बुलडोजर का इस्तेमाल कर उनके व्यावसायिक प्रतिष्ठान व घर गिरा दिए जाते थे।



अब इस पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। यूपी में भी बुलडोजर का अपराधियों के खिलाफ कई बार इस्तेमाल किया गया। अभी हाल ही में अयोध्या में दुष्कर्म के आरोपी के व्यावसायिक प्रतिष्ठान को बुलडोजर से गिरा दिया गया।हालांकि, इसे लेकर विपक्ष सरकार पर हमलावर रहा है। विपक्ष का आरोप रहा है कि बुलडोजर कार्रवाई जाति और धर्म देखकर की जा रही है। विपक्ष ने इस नीति को लेकर योगी सरकार को कठघरे में लाने का प्रयास किया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अपनाया गया बुलडोजर के इस्तेमाल का ट्रेंड कई अन्य राज्यों ने भी अपना लिया। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने एक अक्तूबर इस कार्रवाई पर रोक लगा दी है।

# कंटेनर ने कार में मारी टक्कर, दंपती समेत तीन घायल

दीपक शर्मा कार से अपनी पत्नी शिवांगी, एक साल की बेटी समृद्धि के साथ हरदोई जा रहे थे। जैसे ही वह हा. ईवे पचपेड़ा मोड़ के पास पहुंचे, तभी विपरीत दिशा से आ रही ब्रेड फैक्टरी की कंटेनर गाड़ी ने टक्कर मार दी। हादसे में पति–पत्नी और उनकी बेटी घायल हो गए।गभाना स्थित हाईवे पचपेड़ा मोड़ पर 17 सितंबर की सुबह ब्रेड फैक्टरी के कंटेनर ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार दंपती समेत तीन घायल हो गए।



उपचार के बाद सभी घर बुलंदशहर वापस चले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुलंदशहर के थाना कोतवाली में सुशीला विहार निवासी दीपक शर्मा कार से अपनी पत्नी शिवांगी, एक साल की बेटी समृद्धि के साथ हरदोई जा रहे थे। जैसे ही वह हाईवे पचपेड़ा मोड़ के पास पहुंचे, तभी विपरीत दिशा से आ रही ब्रेड फैक्. टरी की कंटेनर गाड़ी ने टक्कर मार दी। हादसे में पति–पत्नी और उनकी बेटी घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने भांकरी के निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। उपचार लेकर सभी वापस बुलंदशहर चले गए।।

## AMU सर सैयद अहमद खान के आखिरी पैगाम लिखे शिलापट्ट से टकराई कार, मुकदमा दर्ज



कुछ युवक रात में अपने एक दोस्त की बर्थ डे पार्टी में शामिल होने गए थे। देर रात सभी वापस कॉलेज जा रहे थे। तभी कार बाबे सैयद गेट से जैसे ही डक पांड पर पहुंची, वह अनियंत्रित होकर सर सैयद अहमद खान का अंतिम पैगाम लिखे शिलापट्ट से टकरा गई।एएमयू के डक पांड पर 14 सितंबर देर रात एक अनियंत्रित कार एएमयू के संस्थापक सर सैयद अहमद खान का पैगाम लिखे शिलापट्ट से टकरा गई, जिससे शिलापट्ट क्षतिग्रस्त हो गया था। मामले में एएमयू प्रॉक्टर की ओर से थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।घटना 14 सितंबर रात करीब 01रू15 की है। कार में सवार कुछ युवक जो एसीएन कॉलेज में बीयूएमएस की पढ़ाई कर रहे हैं। रात में अपने एक दोस्त की बर्थ डे पार्टी में शामिल होने गए थे। देर रात सभी लाल डिग्गी स्थित कल्याण सिंह हैबिटेट संेंटर की ओर से वापस कॉलेज जा रहे थे। तभी कार बाबे सैयद गेट से जैसे ही डक पांड पर पहुंची, वह अनियंत्रित होकर एएमयू के संस्थापक सर सैयद अहमद खान का अंतिम पैगाम लिखे शिलापट्ट से टकरा गई। जिससे शिलापट्ट क्षतिग्रस्त हो गया। इसी बीच एएमयू के सुरक्षा कर्मियों ने कार सवार युवकों को पकड़ लिया। जिन्हें पहले प्रॉक्टर कार्यालय लाया गया। जहां उनसे कड़ी पूछताछ की गई। फिर सिविल लाइंस पुलिस को बुला लिया गया। इस मामले में एएमयू के प्रॉक्टर प्रो. वसीम अली की ओर से थाने में कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। सिविल लाइंस के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कार सवार युवकों का रात में ही मेडिकल परीक्षण कराया गया, जिसमें नशे की पुष्टि नहीं हुई है। पूछताछ में पता चला है कि युवक बर्थ डे पार्टी मनाकर वापस आ रहे थे। तभी कार के शीशे पर धुंध को साफ करने के दौरान कार अनियंत्रित होकर शिलापट्ट से टकरा गई ।टूटे शिलापट्ट पर सर सैयद अहमद खान का आखिरी पैगाम उकेरा गया था । अब उसकी जगह संगमरमर का नया शिलापट्ट लगाया जाएगा। जिसमें सर सैयद अहमद खान का पैगाम होगा

## जेसीबी से सिल्ट हटवाई, लेकिन कटी पटरी नहीं बनवाई

कस्बे की सीमा पर करबन नदी पर पड़े वाले दोनों पुलों के नीचे सोमवार को जेसीबी से सफाई कराई गई। हालांकि जेसीबी से आधी–अधूरी सफाई हुई क्यों कि पुल के नीचे जेसीबी नहीं जा सकती थी। वहीं करबन नदी की कटी पटरी की सोमवार को भी मरम्मत नहीं करवाई गई है, जिससे करीब 300 बीघे में पानी भरा था।चंडौस–पिसावा मार्ग व काली मंदिर के पास सड़क को करबन नदी क्रास कर रही है। इन पर दो पुल बने हैं। लंबे समय से सफाई न होने से दोनों पुलों के नीचे और आसपास ऊपर तक सिल्ट भर गई थी। इससे बारिश का पानी बढ़ने से करबन नदी की पटरी कट गई थी।सोमवार को सिंचाई विभाग ने काली मंदिर के पास करबन नदी पुल के नीचे जेसीबी से सिल्ट की सफाई कराई। काफी मात्रा में घास और कबाड़ सहित मिट्टी निक. ाली गई। इस अधूरी सफाई पर भी किसानों ने राहत की सांस ली, क्यों कि इतने से भी पानी का बहाव सुचारू हो जाएगा। हालांकि जौहरा के पास कटी पटरी की मरम्मत सोमवार को भी नहीं कराई गई।फसलों में पानी का भराव देखते हुए पुलों के पास के पास सफाई करा दी है। इससे करबन नदी का पानी ओवरफ्लो कर बाहर नहीं बहेगा। –ओमकार सिंह, एसडीओ सिंचाई विभाग, बुलंदशहर।चंडौस में करबन नदी के दोनों पुलों के पास एकत्र घास और सिल्ट को जेसीबी से साफ करवा दिया गया है। अब फसलों में पानी नहीं भरेगा। –विनीत मिश्रा एसडीएम गभाना।तीन साल में एक बार होती है सफाई

चंडौस। सिंचाई विभाग के एसडीओ ओमकार सिंह का कहना है कि तीन साल में एक बार करबन नदी की सफाई होती है। इससे पहले बजट नहीं मिलता। मार्च 2022 में करबन नदी की सफाई कराई गई थी। अब जून 2025 में करबन नदी की सफाई होगी। सफाई के समय ही नदी की पटरी बनवाई जाती है।नदी की पटरी पर करा लिया पक्का निर्माणचंडौस। कस्बे के लोगों का कहना है कि करबन नदी के पुल के पास एक व्यक्ति ने करबन नदी की पटरी पर मकान व दुकान बना ली है। सिंचाई विभाग की ओर से पूर्व में रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी, लेकिन नदी की पटरी का अतिक्रमण आज तक नहीं हटवाया जा सका है।

## हरदुआगंज नगर पंचायत मार्केट के ऊपर बनेंगी दुकानें, पूजन कर शुरू हुआ निर्माण



वर्ष 2011 में पुराने तांगा स्टैंड पर से अतिक्रमण को हटवाया गया। इसके बाद 51 दुकानों का निर्माण कराया। सभी दुकानें संचालित हैं। निकाय की आमदनी और व्यापारियों की मांग पर दूसरी मंजिल पर भी दुकानें बनाने का बोर्ड कमेटी में प्रस्ताव पारित हुआपुराने तांगा स्टैंड पर बनी नगर पंचायत की दुकानों के ऊपर भी दुकानें बनेंगी। 16 सितंबर को चेयरमैन राजेश यादव ने पूजा के बाद ईंटें रखकर निर्माण शुरू कराया। यहां पर बरामदा सहित 12 दुकानों का निर्माण कराकर नीलामी कराई जाएगी।चेयरमैन राजेश यादव ने बताया कि वर्ष 2011 में उन्होंने कस्बे के पुराने तांगा स्टैंड पर अतिक्रमण को हटवाया था। इसके बाद 51 दुकानों का निर्माण कराया था। सभी दुकानें संचालित हैं। निकाय की आमदनी और व्यापारियों की मांग पर दूसरी मंजिल पर भी दुकानें बनाने का बोर्ड कमेटी में प्रस्ताव पारित हुआ था। करीब 72 लाख रुपये की लागत से बरामदे सहित 12 दुकानों का निर्माण किया जाएगा।इस दौरान जगवीर सिंह चौहान, एड. योगेंद्र यादव, प्रदीप यादव, विनोद यादव, कुंवर चौधरी, मनोज अग्रवाल, अशरफ कुरैशी, जीएस सक्सैना, अजय अग्रवाल, रविंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

## UPSC में 52वीं रैंक, चौथे प्रयास में जानें कौन हैं हाथरस के नए राहुल पांडेय?



यूपी के हाथरस जिले का नया डीएम आईएएस राहुल पांडेय को बनाया गया है. वह 2014 बैच के आईएएस अधिकारी हैं. उन्होंने दो बार यूपीएससी परीक्षा पास की है. पहली बार में वह आईपीएस बने थे और दूसरी बार में आईएएस बन गए. अपने चौथे प्रयास में वह आईएएस बने थे. हाथरस आने से पहले वह हमीरपुर जिले के कलेक्टर थे  आईएएस अधिकारी राहुल पांडेय को उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले का नया डीएम बनाया गया है. पिछले कुछ महीनों से ये जिला काफी चर्चा में है. इस चर्चे की शुरुआत जुलाई में हुई थी जब सूरजपाल उर्फ साकार हरि के सत्संग के दौरान भगदड़ मच गई थी और इस भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई थी. तब आशीष कुमार यहां के जिलाधिकारी थे और उन्हें कार्यभार ग्रहण किए अभी कुछ ही दिन हुए थे. इस मामले ने डीएम आशीष कुमार के लिए मुश्किलें पैदा कर दी, जिसके करीब ढाई महीने बाद उनका ट्रांसफर कर दिया गया और राहुल पांडेय को हाथरस का नया जिलाधिकारी बना दिया गया.राहुल पांडेय 2014 बैच के आईएएस अधिकारी हैं. गाजियाबाद के रहने वाले आईएएस राहुल पांडेय को यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में एक नहीं बल्कि दो बार सफलता मिली है. साल 2011 में उन्होंने पहली बार यूपीएससी क्रैक किया था और 106वीं रैंक के साथ आईपीएस अधिकारी के लिए चुने गए थे. उन्होंने कुल 1750 अंकों की लिखित परीक्षा में 711 अंक हासिल किए थे. सबसे ज्यादा उन्हें लोक प्रशासन में 229 मार्क्स मिले थे.दो प्रयासों में हो गए थे फेल आईएएस राहुल यूपीएससी के अपने शुरुआती दो प्रयासों में फेल हो गए थे, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और तीसरे प्रयास में आईपीएस बने  फिर साल 2013 में उन्होंने चौथी बार यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा दी और इस बार उन्होंने ऑल इंडिया 52वीं रैंक हासिल की. और आईएएस अधिकारी बन गए. शुरुआत में उन्हें ।ळडन्ज कैडर मिला था और वह जम्मू–कश्मीर के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में निदेशक के तौर पर काम करते थे, लेकिन बाद में इंटर कैडर डेपुटेशन के आधार पर वह यूपी कैडर में आईएएस अधिकारी के रूप में आ गए. उत्तर प्रदेश में उन्होंने हमीरपुर जिले के. कलेक्टर के पद की कमान संभाली और अब हाथरस पहुंचे हैं.आईएएस राहुल पांडेय की शुरुआती पढ़ाई गाजियाबाद से हुई थी. नेहरू पब्लिक स्कूल से उन्होंने हाईस्कूल की पढ़ाई पूरी की थी, जबकि छबीलदास पब्लिक स्कूल से इंटर किया था. इसके बाद उन्होंने वैष्णो देवी कटरा से इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्यूनिकेशन में बीटेक किया था. उन्हें गोल्ड मेडल भी मिला था.हमीरपुर में खूब की थी जनसमस्याओं की सुनवाईआईएएस राहुल पांडेय साल 2013 में जब हमीरपुर में तैनात थे, तब शिकायतों के निपटारे में वह उत्तर प्रदेश के टॉप डीएम थे. उन्होंने डीएम रहते जिले में आम लोगों की शिकायतों का खूब निवारण किया था.।

## नगर पंचायत मडराक में 16 सितंबर की शाम होली चौक स्थित संकट मोचन मंदिर पर गणेश विसर्जन





नगर पंचायत मडराक में 16 सितंबर की शाम होली चौक स्थित संकट मोचन मंदिर पर गणेश विसर्जनपूर्व भव्य झांकी व भजन कीर्तन का आयोजन हुआ। जिसमें कलाक. ारों ने राधा कृष्ण व शिव पार्वती के रूप में भव्य झांकी नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। दिनांक 17.9.2024 को विसर्जन पूर्व श्री गणेश मूर्ति के साथ नगर भ्रमण किया गया और गंगा जी में विसर्जन को रवाना हो गए। श्री गणेश कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुजारी वेदराम सिंह, पुजारी कैलाश चंद्र कुशवाहा,गणपति सिंह, रामकिशन कुशवाहा, यशपाल सिंह कुशवाहा,सुशील कुमार, डम्बर सिंह, भूरा कुशवाहा सहित श्री गणेश कमेटी के सभी सदस्य और क्षेत्रीय लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संजोयको का कहना है की कार्यक्रम के चलते  यातायात को नियंत्रित करने में पुलिस बल का पूरा सहयोग रहा ।

## नगर पंचायत मडराक में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा 2024 पर आयोजित






नगर पंचायत मडराक में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर श्स्वच्छता ही सेवा 2024श पर आयोजित आज नगर पंचायत मडराक में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन के अवसर पर श्स्वच्छता ही सेवा 2024श पर आयोजित स्वच्छता अभियान के चलते आगरा रोड मडराक अड्डा पर राज्यसभा सांसद श्री तेजवीर सिंह, महानगर अध्यक्ष इंजी राजीव शर्मा, कोल विधायक अनिल पाराशर जी के चाचा जी व सुपुत्र का. र्तिक पाराशर, अलीगढ़ मनरेगा आयुक्त दीनदयाल वर्मा जी के साथ मडराक नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमार दिवाकर, अधिशासी अधिकारी रमा दुबे ने सफाई कर अभियान में भाग लिया। साथ में मडराक मंडल अध्यक्ष राधेश्याम व उनके साथ मडराक मंडल के पधाधिकारी भी मौजूद रहे।



# गणपति बप्पा मोरया...अगले बरस तू जल्दी आ, जयकारों के साथ निकाली जा रहीं विसर्जन यात्राएं

## अलीगढ़ शहर में गणपति महोत्सव की धूम है ,गणपति बप्पा मोरया...अगले बरस तू जल्दी आ



### दुबे का पड़ाव से गणेश विसर्जन यात्रा निकालते श्रद्धालु

रामघाट रोड, रेलवे रोड, मसूदाबाद, नौरंगाबाद, छावनी, सुरेंद्र नगर आदि जगहों से विसर्जन यात्राएं निकल रही हैं। श्रद्धालु घरों व पंडालों से गणपति को लेकर अबीर–गुलाल उड़ाकर भजनों पर नाचते हुए गंगा घाट पहुंच रहे हैं।अलीगढ़ शहर में गणपति महोत्सव की धूम है। गणपति बप्पा मोरया...अगले बरस तू जल्दी आ..के जयकारों के साथ विसर्जन यात्राएं निकाली जा रही हैं। श्रद्धालु बैंडबाजों के साथ गणपति को विदा करने के लिए गंगा घाटों पर पहुंचे रहे हैं। गजानन को दी विदाई अचलताल स्थित प्राचीन गणेश मंदिर में 11 दिवसीय गणेश महोत्सव का समापन विसर्जन के साथ हुआ। इस दौरान मंदिर महंत विनय नाथ, मीडिया प्रभारी ललित वार्ष्णेय, उमेश वार्ष्णेय, दीपक वार्ष्णेय, कामिनी, कृपा देवी, प्रतिमा, लकी वार्ष्णेय, अमर दीप गुप्ता आदि मौजूद रहे। गणेश महोत्सव सेवा समिति द्वारा वार्ष्णेय महाविद्यालय क्रीड़ा स्थल पर आयोजित गणेश पूजा महोत्सव का भी समापन 16 सितंबर को गणेश विसर्जन के साथ हुआ। यहां अध्यक्ष अमित सर्राफ, महामंत्री मनोज वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष विवेक गुप्ता पलक, गौरव वार्ष्णेय पीतल, मीडिया प्रभारी भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक, विष्णु हरि गुप्ता आदि मौजूद थे। महानगर के रघुवीरपुरी स्थित मित्रनगर में हरिबाबू के निवास के पास विराजित भगवान गणेश का 16 सितंबर को विसर्जन किया गया। सौम्या शर्मा, उमा शर्मा, राम वशिष्ठ आदि मौजूद थे।

## मा0 पीएम ने उड़ीसा से सुभद्रा योजना समेत कई अन्य बड़ी परियोजनाओं का किया शुभारंभ



पीएम आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण के तहत गरीबों के पक्के मकान का सपना हुआ साकार

अलीगढ़ मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 2860 आवासहीन लाभार्थियों का गृह प्रवेश कराया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 47 लाभार्थियों को 40 हजार रुपये की प्रथम किस्त के तौर पर 18 लाख 80 हजार की धनराशि उनके बैंक खातों में भेजी गई। कार्यक्रम में प्रतीक स्वरूप मा0 जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र एवं उनके अपने नए मकान की चाबी भी प्रदान की गई।मा0 प्रधानमंत्री जी की अध्यक्षता में भुवनेश्वर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर में भी देखा और सुना गया। प्रधानमंत्री जी ने सुभद्रा योजना एवं अन्य कई बड़ी परियोजनाओं का बटन दबाकर शुभारंभ भी किया। कई परिवारों के लिए पक्की छत एक सपना जैसा था, लेकिन केंद्र में मोदी सरकार के आने से प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण योजना से करोड़ों परिवारों को पक्का घर मिला है।मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना फेज–2 की गाइडलाईन भी जारी की गई मा0 प्रधानमंत्री जी ने कहा कि आज देश के 30 लाख से ज्यादा परिवारों को देश भर के अलग अलग स्थानों पर पक्के घर भी दिए गए हैं। 26 लाख देहाती क्षेत्रों और 4 लाख शहरी क्षेत्रों में पक्के आवास दिए जाने के साथ ही करोड़ों की विकास परियोजनाओं का लाभ उड़ीसा को मिला है। आज महिलाओं, बेटियों, युवाओं का पक्का मकान का सपना साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के 100 दिन पूरे करने के अवसर पर जनहित में बड़े अहम निर्णय लिए गए हैं, जिसका फायदा बिना किसी भेदभाव के आम जनमानस को मिलेगा। किसान हित में भी बड़े–बड़े कदम उठाए गए हैं। देश तभी विकास करता है जब महिलाओं की भागीदारी होती है। देश में महिलाओं की तरक्की, स्वावलंबन के लिए कई बड़ी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।

कल्याण सिंह हैबीटेट सेंटर में आयोजित चाबी वितरण कार्यक्रम में मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के साथ बिना किसी भेदभाव के आर्थिक तौर पर मजबूत किया जा रहा है। मा0 एमएलसी डॉ0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज प्रधानमंत्री जी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर जरूरतमंदों को नए मकान का उपहार दिया है। इंजी0 राजीव शर्मा ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी ने स्वच्छता अभियान चलाकर कई बड़ी समस्याओं को हल किया है। यदि हम स्वस्थ्य और विकसित भारत का निर्माण करना चाहते हैं तो हमको स्वच्छता को अपनाना होगा। मा0 महापौर श्री प्रशांत सिंघल ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का स्पष्ट विजन है कि गरीब, किसान, युवा के बिना देश आगे नहीं बढ़ सकता है और देश में प्रधानमंत्री एवं प्रदेश में मुख्यमंत्री जी इसी विजन के साथ जनहित में कार्य कर रहे हैं।

इस अवसर पर मा0 एमएलसी प्रो0 तारिक मंसूर, विधायक श्रीमती मुक्ता संजीव राजा, पार्षद बन्धु एवं डीएम विशाख जी0, नगर आयुक्त विनोद कुमार सिंह, सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, पीडी डीआरडीए भाल चन्द त्रिपाठी, पीओ डूडा कौशल कुमार, सहायक नगर आयुक्त राकेश कुमार, डीपीआरओ धनजंय जायसवाल उपस्थितरहे।लाभार्थी हुए लाभान्वितरूकल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर में मा0 जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत शारदा देवी, अंजू देवी, सीता, रीना, पुष्पा देवी, मिथलेश, जागेश, शशि, धर्मवती देवी, जितेंद्र झा, लक्ष्मी देवी, अनीता देवी, गौतम झा, सुशीला देवी, नीलम, राधा देवी, ऊषा देवी को नए पक्के मकान के लिए चाभी और स्वीकृति प्रमाणपत्र एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आसमा बेगम, कल्लू, नूर बानो, फौजिया, सायरा बानो, नगीना, बनवारी, शरीफ खान, बादशाह, रफीकउद्दीन स्वीकृति प्रमाण पत्र देकर को लाभान्वित किया गया। नये मकान की चाबी एवं धनराशि स्वीकृति प्रमाण पाकर लाभार्थियों के चेहरे खुशी से चमक उठे और उनके द्वारा मोदी–योगी को धन्यवाद भी दिया गया।

कि यूरोपीय संघ, संयुक्त राज्य अमेरिका और खाड़ी देश जैसे आयात करने वाले देशों में कीटनाशकों के अधिकतम अवशेष स्तर के कड़े मानक के कारण बा. समती चावल के निर्यात को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने बताया कि वर्ष 2020–21 की तुलना में वर्ष 2021–22 में बासमती चावल के निर्यात में 15 प्रतिशत की गिरावट आई है। एपीडा ने उत्तर प्रदेश की विरासत बासमती उपज को बचाने और अन्य देशों को बासमती चावल के बाधा मुक्त निर्यात को सुनिश्चित करने के लिए इन कीटनाशकों पर पाबंदी लगाने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि जिले में बासमती चावल में कीटनाशक ट्राईसाईकला जोल, बुप्रोफेजिन, एसीफेट, कलोरपाइ. रीफोस, हेकसाकोनो जोल, प्रोपिकोना जोल, थायोमेथा कसाम, प्रोफेनेफॉस, इमिडाकलोप्रिड, कार्येणडाजिम को प्रतिबंधित किया गया है। इन कीटनाशकों के सभी प्रकार के फार्मूलेशन की बिक्री, वितरण और प्रयोग पर रोक लगा दी है, ताकि गुणवत्तायुक्त बासमती चावल के निर्यात में वृद्धि की जा सके।

सर्वेक्षण विभाग और जिला प्रशासन पूरी तरह नाकाम है। 10 साल पहले इस परिसर में 50 अवैध मकान बने थे। वर्तमान में इनकी संख्या बढ़कर 300 हो चुकी है। यह हाल तो तब है, जब अवैध निर्माण करने वालों पर पिछले छह महीने में संरक्षित जमीन पर आठ अवैध निर्माण चिन्हित हो चुके हैं। निर्माण करने वालों के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया जा चुका है।

बावजूद इसके कब्जों का सिलसिला रुक नहीं रहा। किला राजादयाराम के नाम से पहचाने जाने वाले इस ऐतिहासिक किले के परिसर में 10 साल पहले हुए निर्माणों पर जब प्रशासन की नजर पड़ी तो यहां अवैध कब्जों की रोकथाम के प्रयास शुरू किए गए।अवैध निर्माण की सूचना देने के लिए पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की ओर से यहां केयर टेकर भी नियुक्त किया गया। उनकी तरफ से लगातार अवैध निर्माणों की सूचना प्रशासन और पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को दी जाती रही, लेकिन प्रशासन इस सिलसिले को रोक नहीं पाया। अब तक इस परिसर में करीब 300 अवैध निर्माण हो चुके हैं, लेकिन इन्हें हटवाने के लिए प्रशासन कतई गंभीर नहीं है।नोटिस के साथ दर्ज हो रहीं एफआईआर एफआईआर दर्ज होते ही तेज हो जाता है निर्माण आसपास के लोगों का कहना है कि किला परिसर में बनाए जाने वाले अवैध निर्माण के खिलाफ जैसे ही पुरातत्व विभाग की ओर से एफआईआर दर्ज कराई जाती है, वैसे ही मकान तैयार कराने की गति को और तेज कर दिया जाता है। मकान पूरा होने के बाद कागजी कार्रवाई चलती रहती है और एक और नया मकान तैयार करने की तैयारी शुरू हो जाती है पुरातत्व विभाग की ओर से लगातार नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। लगातार मकान बनाने वालों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई जा रही हैं वैसे ही मकान तैयार कराने की गति को और तेज कर दिया जाता है। मकान पूरा होने के बाद कागजी कार्रवाई चलती रहती है और एक और नया मकान तैयार करने की तैयारी शुरू हो जाती है। पुरातत्व विभाग की ओर से लगातार नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। नए मकान का निर्माण शुरू होने के साथ ही नोटिस दिया जाता है। नो. टिस की एक प्रति जिला प्रशासन को दी जाती है। लगातार मकान बनाने वालों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई जा रही हैं।

## श्री गणेश महोत्सव सेवा समिति द्वारा आयोजित श्री गणेश पूजा महोत्सव श्री गणेश विसर्जन के साथ हुआ सम्पन्न



श्री गणेश महोत्सव सेवा समिति द्वारा आयोजित श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय क्रीडा स्थल, जीटी रोड अलीगढ़ पर चल रहा श्री गणेश महोत्सव श्री गणेश विसर्जन के साथ संपन्न

श्री गणेश महोत्सव सेवा समिति द्वाराआयोजित श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय क्रीडा स्थल, जीटी रोड अलीगढ़ पर चल रहा श्री गणेश महोत्सव श्री गणेश विसर्जन के साथ संपन्न हो गया है । श्री गणेश महोत्सव सेवा समिति के मीडिया प्रभारी भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक के अनुसार श्री वार्ष्णेय महाविद्यालय के क्रीड़ा स्थल पर आयोजित होने वाले श्री गणेश पूजा महोत्सव के अंतिम दिवस गजानन की विशेष पूजा अर्चना की गयी । हवन एवं यज्ञ मे भक्तों ने आहुति दी ।तदुपरांत राजघाट पहुंचकर गणपति का विसर्जन अगले वर्ष पुनः आगमन की प्रतीक्षा के साथ वैदिक रीति के अनुसार किया गया ।इस अवसर पर श्री गणेश महा. `त्सव सेवा समिति के अध्यक्ष अमित सर्राफ ,महामंत्री मनोज वार्ष्णेय खलीफा , कोषाध्यक्ष विवेक गुप्ता पलक एवं मुख्य कार्यक्रम प्रभारी गौरव वार्ष्णेय पीतल, मीडिया प्रभारी भुवनेश वार्ष्णेय आधुनिक , संजय कुमार वार्ष्णेय अमित किताब , श्रीमती दर्शन गुप्ता , अजय राज लिथो , अश्विनी वार्ष्णेय , हीरेंद्र अग्रवाल , विष्णु हरि गुप्ता , नीटू शर्मा , घनेन्द्र वार्ष्णेय ,विजय गुप्ता साई , सुनील मित्तल , तरुण वार्ष्णेय ,अरुण वार्ष्णेय , तनुराग वार्ष्णेय ,प्रवीण टप्पल , डा भुवनेश कुमार , विष्णु गुप्ताअनुराग वार्ष्णेय शिब्बू वार्ष्णेय , सचिन वार्ष्णेय , विशाल वार्ष्णेय , सौरभ सैनी , अभिनव गुप्ता ,देवेंद्र गुप्ता मोनू , नकुल गुप्ता , विकास गुप्ता, पुनीत गुप्ता , प्रमोद टोनी टोन , शिवम शर्मा , नितिन राजनी , प्रशांत वी के लाइट , पुनीत फ्लेक्स , योगेश गुप्ता सोनू , विशाल वार्ष्णेय सर्राफ , रोहित वार्ष्णेय पीतल , जातिन वार्ष्णेय ,आकाश वार्ष्णेय भैया , निशा वार्ष्णेय , रचना अमित सर्राफ , वंदना वार्ष्णेय मेंटल , सीमा बालाजी , कल्पना लिथो , तृप्ति गुप्ता , शुभी वार्ष्णेय , सरिता साई , सी ए पल्लवी गुप्ता , इंजी नेहा वार्ष्णेय , मिश्री गुप्ता , सोनी वार्ष्णेय , शिवा वार्ष्णेय, अलका वार्ष्णेय गोल्डन लीफ आदि उपस्थित रहे ।

## मा0 प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस एवं स्वच्छ भारत मिशन की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा पखवाडा-2024 का हुआ शुभारंभ



अलीगढ़ मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस एवं स्वच्छ भारत मिशन की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर श्श्स्वच्छता ही सेवा पखवाडा–2024श्श का शुभारंभ जिलाधिकारी विशाख जी0 के नेतृत्व एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह के निर्देशन में जिले की सभी ग्राम पंचायतों में किया गया।कल्याण सिंह हैबीटेट सेन्टर में आयोजित कार्यक्रम में मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह, मा0 महापौर श्री प्रशान्त सिंघल, शहर विधायक श्रीमती मुक्ता संजीव राजा, मा0 एमएलसी डा0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह एवं प्रो0 तारिक मंसूर, नगर अध्यक्ष इंजी0 राजीव शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से प्लास्टिक मुक्ति यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेन्ट यूनिट को रिसाइक्लिंग के लिए रवाना कर श्श्स्वच्छता ही सेवा पखवाडा–2024 का शुभारंभ किया गया। आयोजित किया गया। इस अवसर पर डीएम विशाख जी0, सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, नगर आयुक्त विनोद कुमार, डीपीआरओ धनजंय जायसवाल समेत मा0 जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण एपस्थित रहे।विदित रहे

### प्लास्टिक मुक्ति यात्रा को रिसाइकिल के लिए हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना

कि ग्राम पंचायतों में सफाई कर्मियों द्वारा पर्यावरण को दूषित करने का महत्वपूर्ण कारक सिंग्गल यूज प्लास्टिक को एकत्रित किया गया था, सिग्गल यूज प्लास्टिक की मुक्ति यात्रा विकास खण्डों से जनपद पर आयी और हैबीटेट सेन्टर से समस्त जनप्रतिनिधियों द्वारा पूरे जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग 09 टन प्लास्टिक की मुक्ति यात्रा निकाली गयी स्वच्छता ही सेवा में जन भागीदारी के साथ ग्राम पंचायतों में स्वच्छता श्रमदान, ग्राम सभा की बैठकें एवं स्वच छता शपथ की गतिविधि की गयी। मा0 सदस्य विधान परिषद प्रो0 तारिक मंसूर जी द्वारा विकास खण्ड लोधा की ग्राम पंचायत लोधा में, गौमत में, मा0 नगर अध्यक्ष इंजी0 राजीव शर्मा द्वारा मडराक नगर पंचायत में स्वच्छता श्रमदान किया गया। इसी क्रम में सफाई कर्मी स्वच्छता कर्मी एवं केयर टेकर के लिए विकास खण्ड चण्डौस बिजौली एवं गंगीरी में सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य एवं जनकल्याण शिविर के आयोजन के साथ स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डीएम विशाख जी0, सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, नगर आयुक्त विनोद कुमार, डीपीआरओ धनजंय जायसवाल समेत मा0 जनप्रति. निधि एवं अधिकारीगण एपस्थित रहे।

